दैनिक जागरण 26/03/2025

# प्लेसमेंट ड्राइव में 17 विद्यार्थियों को किया गया शार्टलिस्ट



प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान शामिल कालेज के प्राचार्य व अन्य। ● सौजन्य विज्ञप्ति

**जासं ● अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में मंगलवार को सीआरसी यूनिट द्वारा कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा निर्देशन में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में एड्रोटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से आए कंपनी के सीईओ आदित्य एवं कंपनी के आपरेशन डायरेक्टर सुखदेव सिंह ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। डा. भारती सुजान ने बताया कि इस ड्राइव में कालेज के लगभग 60 से भी अधिक विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया 30 विद्यार्थी साक्षात्कार के अंतिम चरण तक पहुंचे और अंत में 17 विद्यार्थी को शार्टलिस्ट किया गया।